Deendayal Upadhyaya Gorakhpur University, Gorakhpur ,UP.India
Media and Public Relations Office

दिनांकः 17/02/2023

प्रकाशनार्थ

**होटल मैनेजमेंट के विद्यार्थियों ने होटल क्लार्कस में किया इंडस्ट्रियल विजिट।**

गोरखपुर। दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय द्वारा संचालित बैचलर आफ होटल मैनेजमेंट एंड कैटरिंग टेक्नोलॉजी पाठ्यक्रम के विद्यार्थियों को शुक्रवार को इंडस्ट्रियल भ्रमण पर होटल क्लार्कस ग्रैंड ले जाया गया, जहां उन्होनें फ्रंट ऑफिस, हाउसकीपिंग, फूड एंड बेवरेज सर्विस, फूड प्रोडक्शन तथा अकाउंट्स आदि विभागों के बारे में विस्तार से जानकारी हासिल की।

होटल क्लार्कस ग्रैंड के जनरल मैनेजर श्री मनोज थापा ने विद्यार्थियों को होटल तथा इसके सभी विभागों के बारे में बारीकी से जानकारी दी, इस दौरान उन्होंने विद्यार्थियों से विशेष संवाद भी किया। होटल क्लार्कस ग्रैंड के फ्रंट आफिस मैनेजर इंद्रपाल राय ने फ्रंट ऑफिस डिपार्टमेंट का भ्रमण कराया और विद्यार्थियों को रूम रेट, टैक्स व विभिन्न कैटेगरी के रूम के बारे में जानकारी दी। होटल क्लार्कस ग्रैंड के शेफ सेफ जसवंत राणा तथा रजनीकांत त्रिपाठी ने विद्यार्थियों को किचन से संबंधित बारीकियों से अवगत कराया। उन्होंने मेन किचन, लाइव किचन और सर्विस के बारे में विस्तार से जानकारी दी। होटल क्लार्कस ग्रैंड के एक्जीक्यूटिव हाउसकीपर श्री सचिन ने विद्यार्थियों को होटल के हाउसकीपिंग विभाग के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों ने बताया कि यह एक उत्साही और अच्छा अनुभव रहा, जिसमें फ्रंट ऑफिस से लेकर किचन तक का व्यावहारिक ज्ञान मिला।

विद्यार्थियों के इंडस्ट्रियल विजिट का नेतृत्व होटल मैनेजमेंट के प्राध्यापक श्री प्रसेनजीत सिंह तथा मोहम्मद कुरेश खान ने किया। इस दौरान होटल मैनेजमेंट की समन्वयक डॉ. रूचिका सिंह ने कहा कि कुलपति प्रो. राजेश सिंह द्वारा आरम्भ किए गए इस तरह के रोजगारपरक पाठ्यक्रम पूर्वांचल के विकास में सहभागी सिद्ध होंगे तथा आतिथ्य उद्योग के साथ साथ विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास में भी सहायक होंगे। पाठयक्रम के सह–समन्वयक दीपेन्द्र मोहन सिंह ने होटल क्लार्कस ग्रैंड के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि होटल तथा विश्वविद्यालय के बीच सदैव से ही सकारात्मक सम्बन्ध रहा है। इस तरह के कार्यक्रम एक दूसरे के लिए सहयोगी सिद्ध होंगे।

Mahendra Kumar Singh
Media and Public Relations Officer
Deen Dayal Upadhyaya Gorakhpur
University, Gorakhpur